


# शताब्दी वर्ष पथ संचलन में त्रिवेणी बना सर्किट हाउस चौराहा

## नगर पथ संचलन रहा आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत , समाज को राष्ट्रकथा की आवश्यकता : जुगराजधर

नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को शहर के तीन अलग-अलग स्थानों से शुरु हुए पथ संचलन की त्रिवेणी सर्किट हाउस चौराहे पर बनी.**

गंगा यमुना सरस्वती नाम से स्वयंसेवकों की वाहनी ने अपने-अपने निर्धारित स्थल से संचलन प्रारंभ किया. **गंगा**-श्रीराम उपनगर एवं शिव उपनगर के शासकीय इंदिरा महाविद्यालय से प्रारंभ होकर सी.एम.ए. स्कूल, सतना तक। **यमुना**- श्रीकृष्ण उपनगर एवं कामतानाथ उपनगर* ङ्क व्यंकटेश मंदिर से प्रारंभ होकर सर्किट हाउस होते हुए सी.एम.ए. स्कूल, सतना तक। **सरस्वती** -महावीर उपनगर एवं वैष्णो उपनगर श्री शाइन पैलेस से प्रारंभ होकर जीवन ज्योति व सर्किट हाउस मार्ग से सी.एम.ए. स्कूल, सतना तक। बाद में सभी धाराएं सर्किट हाउस चौराहे पर आकर मिलीं.





यात्रा के दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम के घोषों से गूँजते रहे. स्वयंसेवकों का अनुशासन, गणवेश की मर्यादा और राष्ट्रभक्ति का उत्साह का दृश्य सतना नगर के लिए एक प्रेरक क्षण बन गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सतना नगर द्वारा आज संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल संघ के अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बना, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना और अखंडता के संदेश का सजीव प्रदर्शन भी रहा । यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख शिवांचल पाण्डेय ने प्रदान की। बाद में सी एम ए स्कूल रीवा रोड के मैदान में आयोजित सभा को मुख्य अतिथि डॉ अनुराग जैन प्राध्यापक सर्जन हेड मेडिकल कॉलेज रहे । मंच पर नगर संघ चालक कृष्ण कुमार गुप्ता एवं मुख्य वक्ता जुगराज धर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि रहे अनुराग जैन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाढ़ के समय किये गए कार्य गुजरात के भूकंप और कोरोना जैसी आपदाओं में जिस प्रकार समाज का निस्वार्थ भाव से सेवा करता है वह अभिनंदन करने योग्य है आपका समय पालन और अनुशासन ही आपकी प्रमाणिकता है संघ के शताब्दी वर्ष की शुभकामना भी दिए । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जुगराज धर जी विश्व हिंदू परिषद संपर्क क्षेत्र संपर्क प्रमुख रहे। उन्होंने कहा आज समय की पुकार है कि राष्ट्रकथा फिर से जनमंचों पर गूँजे।

महाराणा प्रताप, छत्रसाल, पृथ्वीराज चौहान, चाणक्य, चंद्रगुप्त और सावरकर जैसे महापुरुषों की गाथा युवा पीढ़ी के हृदय में जलती रहे यही राष्ट्रजागरण की जड़ है। संघ की स्थापना करने का उद्देश्य डॉक्टर साहब का देश की आजादी था संघ अपने प्रारंभ काल से ही अंग्रेजों के साथ आंदोलन में भिड़ंत हुई 1920 के आंदोलन में अंग्रेजों से भाषण के समय डॉक्टर साहब को सजा दी गई।

### मातृशक्तियों ने किया स्वागत

पथ संचलन मार्ग पर बड़ी संख्या में मात्र शक्तियों और नगर वासियों ने राष्ट्रभक्ति स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भारत माता की जय घोष करते हुए उत्साह वर्धन किया सामाजिक बंधु भी इस अवसर पर उपस्थित रहे,संघ की यात्रा व्यक्ति से समाज, और समाज से राष्ट्र के उत्थान की यात्रा है।

### संचलन में शामिल हुए 40 बस्ती के स्वयंसेवक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सतना द्वारा पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन 26 अक्टूबर, रविवार को हुआ ।इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवक तीन अलग-अलग नगर उपनगरों से अनुशासनबद्ध संचलन करते हुए सी .एम .ए . स्कूल, सतना में एकत्र हुए।

# अराजक हो चुकी पार्किंग व्यवस्था से आफत में मरीजों की जान

## जिला अस्पताल परिसर में बेतरतीब खड़े वाहनों की कतार के बीच हर रोज फंस रही एंबुलेंस और गंभीर मरीज

नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर. जिला चिकित्सालय परिसर में घोषित स्थल पर पार्क भले ही नहीं नहीं बन पाया हो, लेकिन उस स्थान पर पार्किंग ठेकेदार को अवैध वसूली करने की खुली छूट देकर मरीजों की जान को सांसत में डालने का कार्य जरुर किया जा रहा है. आलम यह है कि एक ओर जहां बेतरतीब खड़े वाहनों से अवैध वसूली कर पार्किंग ठेकेदार की जेब भर रही है वहीं दूसरी ओर जाम में फंसकर मरीज मौत से जूझते नजर आ रहे हैं.**

वहीं इस मामले में अस्पताल प्रशासन की चुप्पी लोगों के गले नहीं उतर रही है. तत्कालीन वन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था. उस दौरान तत्कालीन मंत्री द्वारा जिला चिकित्सालय के पार्किंग स्थल को पीछे की ओर तैयार करने और मुख्य द्वारा के सामने के स्थान को पार्क के तौर पर विकसित करने की घोषणा की गई थी. जिसके बाद अस्पताल परिसर में ट्रामा सेंटर के सामने पड़ी खाली जमीन को पार्किंग स्थल के तौर पर निर्धारित कर दिया गया. इसी पार्किंग स्थल में खड़े होने वाहनों से शुल्क वसूली के लिए हर वर्ष अस्पताल प्रशासन की ओर से टेंडर भी निकाला जाता है. जबकि मुख्य द्वारा के सामने के स्थल को पार्क के तौर पर विकसित किए जाने की तत्कालीन मंत्रीजी की घोषणा आज तक अमल में नहीं आ सकी. जिसकी परिणिति यह हुई कि



अस्पताल परिसर में बने पार्किंग स्थल में खड़े होने वाले वाहनों से शुल्क वसूलने के बजाए ठेकेदार के गुर्गों द्वारा समूचे परिसर पर ही कब्जा जमा लिया गया. आलम यह है कि अस्पताल परिसर में किसी भी कोने में वाहन के खड़े होते ही ठेकेदार के गुर्गे उस पर चैन लगा देते हैं. जिसके बाद बतौर जुर्माना 500 रु की मांग कर दी जाती है. नहीं देने पर वाहन को कोतवाली भेजने की धमकी दी जाती है. हालात के मारे मरीज के परिजनों को आखिरकार ठेकेदार के गुर्गों को 300 से लेकर 500 रु प्रति वाहन की भेंट चढ़ानी पड़ती है. तब कहीं जाकर वाहन उनके कब्जे से मुक्त हो पाता है. इस मामले में अस्पताल चौकी का स्टाफ भी पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों की अवैध वसूली का खुला समर्थन करता नजर आता है. बताया गया कि समर्थन पाने के लिए पार्किंग ठेकेदार द्वारा अस्पताल चौकी को प्रतिदिन 300 रु का सेवा शुल्क भी पहुंचाया जाता है. लिहाजा इस समूची व्यवस्था का लाभ जहां पार्किंग ठेकेदार की जेब में पहुंच रहा है. इतना ही नहीं बल्कि अस्पताल में ऐसे वाहन और आटो से भी अवैध वसूली कर ली जाती है जो मरीज को छोड़कर कर सीधे वहां से लौट जाते हैं. वहीं अराजक व्यवस्था का खामियाजा उन गंभीर मरीजों को उठाना पड़ता है जिन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है. लेकिन वे जाम के चक्कर में फंसकर कराहने के लिए मजबूर दिखाई देते हैं.

### किसी शह पर समानांतर व्यवस्था

जिला चिकित्सालय परिसर में अनाधिकृत स्थल पर वाहनों के खड़े होने के मामले में कार्रवाई करने का अधिकार यातायात पुलिस अथवा नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते को होता है . लेकिन इसके बावजूद भी अपने स्तर पर ही समानांतर व्यवस्था बनाकर ठेकेदार के गुर्गे हर रोज उस स्थान पर अवैध वसूली कर रहे हैं, जो उनके कार्यक्षेत्र के बाहर है . जिसके चलते परिसर में आए दिन जाम और विवाद की स्थिति बनी रहती है . ऐसा भी नहीं है कि अस्पताल प्रशासन इन स्थितियों से वाकिफ नहीं है . लेकिन अवैध वसूली को खुली छूट और अराजक पार्किंग के जरिए कौन सी व्यवस्था बनाई जा रही है यह लोगों की समझ से परे है .



# मोगली बालोत्सव के लिए दल रवाना

नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर. पेंच नेशनल पार्क सिवनी में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता 2025 में भागीदारी के लिए सतना का दल रवाना हो गया.**

जिला मास्टर ट्रेनर इको क्लब मोहित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2025 का आयोजन पेंच नेशनल पार्क सिवनी में हो रहा है. लिहाजा राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता में जिले के प्रतिनिधित्व के लिए मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती संध्या पाण्डेय विद्यार्थियों के दल के साथ रवाना हुईं. उक्त प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले सतना के विद्यार्थियों में राज पाल, सोहन लाल, रेखा सिंह और माण्डवी गौतम समेत 5 सदस्यीय दल सम्मिलित है. मास्टर ट्रेनर श्री गर्ग के अनुसार राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 27-29 अक्टूबर तक चलेगा. जिसमें पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं जंगल सफारी, ट्रैकिंग, चित्रकला, कहानी लेखन व नाटक आदि कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. जिसमें सम्मिलित होने के बाद सतना के दल की वापसी 30 अक्टूबर को होगी.

# वन्य जीव शिकार की तैयारी को अमले ने किया नाकाम

## शिकारियों ने 11 केवी लाइन से जोड़ रखा था जीआई तारों का संजाल



नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर. शिकारियों द्वारा 11 केवी विद्युत लाइन से जोड़कर जीआई तारों का संजाल बिछाकर वन्य प्राणियों के शिकार करने की कोशिश उस वक्त नाकाम हो गई जब वन विभाग के कर्मचारी समय रहते मौके पर पहुंच गए और जीआई तार को विद्युत लाइन से अलग कर दिया.**

वन परिक्षेत्राधिकारी मैहर शुभम दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग विद्युत करंट के जरिए वन्य प्राणियों के शिकार की तैयारी कर रहे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए सढेरा बीट के पास गश्ती दल पहुंच गया और छानबीन शुरु की. इसी दौरान गश्ती दल ने देखा कि 11 केवी की विद्युत लाइन से जीआई तार को जोड़ते हुए बांस की खूटियों की मदद से तार को जंगल क्षेत्र तक बिछाया गया था. जिससे तारों के इस संजाल में फंसकर वन्य प्राणी मर जाएं. लिहाजा वन अमले के गश्ती दल ने सावधानी बरतते हुए लाइव वायर डिटेक्टर की मदद से तार के कनेक्शन को तुरंत डिस्कनेक्ट करते हुए बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया.

### नीलगाय के 3 शिकारी गिरफ्तार


जिला वन अधिकारी वन मंडल सतना मयंक चांदीवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोहारी में वन्य जीव नीलगाय के शिकार की सूचना मिली थी . जिसके आधार पर डाग स्क्वाड के साथ वन अमले द्वारा सर्चिंग की गई . कुत्ता कुछ देर तक सूंघने के बाद कल्लू कोल के घर में घुस गया . जहां पर काले रंग की पॉलीथीन से मांस बरामद हुआ . पूछताछ में कल्लू ने नीलगाय के शिकार की घटना स्वीकारते हुए दिनेश कोल और सियाचरण चौधरी की संलिप्तता की जानकारी दी . जिसके आधार पर उन्हें भी दबोच लिया गया . आरोपियों के पास से शिकार में उपयोग किए गए बिजली के तार हथियार और खूंटी को भी बरामद कर लिया गया .

# मोरारी बापू की रामकथा से अगस्त्य मुनि आश्रम में आध्यात्मिक माहौल

नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर, पूज्य मोरारी बापू के नेतृत्व में चल रही अद्वितीय 'राम यात्रा' आज सतना पहुँची, जहाँ अगस्त्य मुनि आश्रम में श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र हुए और बापू की रामकथा श्रवण की। यह 11 दिवसीय यात्रा का दूसरा प्रमुख पड़ाव था, जिसकी शुरुआत 25 अक्टूबर को चित्रकूट से हुई थी।**

अगस्त्य मुनि श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास काल के एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरित्र माने जाते हैं। उन्हें "दक्षिण दिशा के दिक्पाल," "सागरपान करने वाले," और "विंध्याचल को वश में करने वाले" के रूप में जाना जाता है। उन्होंने न केवल श्रीराम को दंडकवन जाने की दिशा बताई, बल्कि उनके वनवास को साधना से उद्देश्य की ओर मोड़ने में मार्गदर्शक भूमिका निभाई।



पूज्य बापू के साथ लगभग 411 श्रद्धालु, विशेष रूप से तैयार की गई 22 कोच की विशेष ट्रेन में इस पवित्र यात्रा में शामिल हैं, जो भारत और श्रीलंका में कुल 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। सतना का यह आयोजन नौ प्रमुख रामकथाओं की श्रृंखला का हिस्सा है, जिनका आयोजन पंचवटी, शबरी आश्रम, ऋषिमुख पर्वत, पर्वर्शन पर्वत, रामेश्वरम, कोलंबो और अयोध्या जैसे आध्यात्मिक स्थलों पर किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए बड़े पंडालों की व्यवस्था की गई, जिससे सभी आयु वर्ग के लोग कथा का दर्शन और श्रवण कर सकें। परंपरा के अनुरूप, सभी आगंतुकों को भंडारा (प्रसाद स्वरूप सामूहिक भोजन) कराया गया, जो बापू के समावेश और सेवा के संदेश को दर्शाता है। यह उल्लेखनीय है कि बापू कथा के लिए कोई शुल्क स्वीकार नहीं करते। कथा और भंडारा - दोनों ही पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूज्य मोरारी बापू ने कहा विरोध ही विराध है (विराध रामायण में श्रीराम के वनवास काल का एक राक्षस पात्र है) ।श्रवण ही चिकित्सा है। अविरोध जीवन — अर्थात ऐसा जीवन जो किसी से शत्रुता नहीं रखता — वही सदा आनन्दमय होता है।"



# सतना साइकिल क्लब ने डेढ़ सौ किमी का किया इवेंट

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 अक्टूबर, सतना साइकिल क्लब द्वारा आज प्रातः 5.30 बजे 150 किलोमीटर का साइकिल इवेंट शानदार मौसम के बीच सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह साइकिल यात्रा सतना से रीवा, अमरपाटन, मैहर होते हुए पुनः सतना तक पूरी की गई।**

क्लब के सचिव वीरेंद्र सिंह रावल ने बताया कि इस इवेंट में कुल 9 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें चंद्रकांत शर्मा, डॉ. प्रभात सिंह बघेल, डॉ. सुदीप अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह रावल, विवेक जानवानी, बृजेश सिंह, डॉ. देवेंद्र पटेल, सुजीथ एम, और मनीष लालवानी शामिल थे। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 65 वर्षीय चंद्रकांत शर्मा ने बिना किसी दुविधा के 150 किलोमीटर की साइकिलिंग शानदार ढंग से पूरी की। उनकी यह उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो यह दर्शाती है कि दृढ़ निश्चय के साथ किसी भी उम्र में हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, चंद्रकांत शर्मा, डॉ. प्रभात सिंह बघेल, वीरेंद्र सिंह रावल, विवेक जानवानी, और सुजीथ एम ने 200 किलोमीटर की साइकिलिंग भी सफलतापूर्वक पूरी की। सतना साइकिल क्लब के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और सभी प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

# सतना, मैहर के तीर्थयात्री द्वारिकाधीश हुए रवाना

नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सतना जिले के 200 में से 194 एवं मैहर जिले के 200 तीर्थयात्री द्वारिकाधीश तीर्थ दर्शन के लिए रवाना हुए।**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सतना जिले के चयनित पात्र 200 में से 194 वरिष्ठजन रात्रि 2 बजे सतना रेल्वे स्टेशन से विशेष भारत ट्रेन द्वारा तीर्थ दर्शन के लिए रवाना किये गये। इसके पहले चयनित वरिष्ठजन तीर्थ यात्रियों का स्टेशन परिसर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



सतना रेलवे स्टेशन पहुंचे डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, तहसीलदार सौरभ द्विवेदी, नायब तहसीलदार राजेश सिंह, रविन्द्र सिंह सेठी सहित अन्य अधिकारियों ने ट्रेन के कोच में जिले के सभी तीर्थ यात्रियों से मिलकर उन्हें सकुशल तीर्थ यात्रा की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार मैहर जिले से रात्रि 2.50 बजे 200 वरिष्ठजन तीर्थ यात्रा पर गए है। सतना रेल्वे स्टेशन से रवाना यह ट्रेन वापसी में 31 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे वापस सतना लौटेगी।

# सांसद ने छठ की दी शुभकामनाएं



**सतना 26 अक्टूबर,** छठ महापर्व के पावन अवसर पर सतना के संतोषी माता मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का सांसद गणेश सिंह ने रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कॉमनवेल्थ सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी वसुंधरा

नवभारत न्यूज

**सतना 26 अक्टूबर, सतना की रहने वाली युवा शोधार्थी वसुंधरा सिंह को कॉमनवेल्थ-आसियान शिखर सम्मेलन 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है।**

यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन 28 अक्टूबर 2025 को कोम्प्लेक्स क्राफ, कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित हो रहा है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में कॉमनवेल्थ और आसियान सदस्य देशों के प्रधानमंत्री, मंत्री, राजनयिक, नीति-निर्माता और युवा नेता शामिल होंगे।



इस वर्ष का विषय "सहयोग, नवाचार और भविष्य की साझेदारी" निर्धारित किया गया है। सम्मेलन के दौरान सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग, नवाचार, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, और सतत विकास जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

रिसर्च स्कॉलर वसुंधरा कार्यक्रम में भारत की युवा नेतृत्व क्षमता, शोधङ्कनवाचार की भावना और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनका चयन भारत के युवाओं के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और नेतृत्व की क्षमता को दर्शाता है। वो वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य क्षेत्र की क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख और केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य हैं ।वसुंधरा सिंह की यह उपलब्धि न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।

उनके चयन पर सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में कुआलालंपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ एशिया यूथ लीडरशिप समिट के दौरान युवाओं की सक्रिय भागीदारी से कॉमनवेल्थ एशिया यूथ एलायंस (CAYA) की स्थापना हुई थी, जिसने एशियाई देशों के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान किया। इस मंच का उद्देश्य सहयोग, नेतृत्व और नवाचार के माध्यम से वैश्विक विकास में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाना है।

## एक नजर में




### पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सतना,** पं . गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी की पुण्यतिथि पर गोपाल कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवा न्यास के मार्गदर्शक एवं हम सबके प्रेरणा स्रोत 卐परम पूज्य दद्दा जी卐 हमेशा कहा करते थे कि आर्थिक आभाव के कारण जो मरीज अस्पतालों में जाकर इलाज करने में सक्षम नहीं है ऐसे मरीजों के लिए उनके घर पर जाकर उनकी जांच के उपरांत उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी जानी चाहिए इसी भाव को लेकर सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ . राकेश मिश्र जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान आपका अस्पताल आपके द्वार योजना अंतर्गत हेल्थ चेक अप कैंप के माध्यम से उनके घर,बस्तियों में जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है .



### इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन

**सतना,** इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन सतना का दीपावली मिलन समारोह आज दिनांक 26 अक्टूबर 2025 दिन रविवार को सुबह 11 बजे संस्कार मैरिज गार्डन नागौद रोड में संपन्न हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में संस्था के वरिष्ठ सदस्य रामबली चैरिहा, संरक्षक, दीपक अग्रवाल, संस्था अध्यक्ष कमल मंघनानी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष मित्तल, मंत्री सुशील सुखेजा, सहमंत्री योगेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था महामंत्री राजेन्द्र गुरू ने किया।